आकाशवाणी गोरखपुर

प्रादेशिक समाचार

दिनांक–26 अगस्त 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला के लखनऊ पहुंचने पर हुआ भव्य स्वागत। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुभांशु के नाम से छात्रवृत्ति शुरू करने की घोषणा की।
- ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला अपने सम्मान में लखनऊ के चौधरी चरण सिंह हवाई अड्डे से उनके स्कूल तक निकाली गई विजय परेड में हुए शामिल। मीडिया से बातचीत में कहा–अंतरिक्ष क्षेत्र में है भारत का स्वर्णिम भविष्य।
- राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने पंडित दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में भविष्य की आवश्यकताओं पर अध्ययन की जरूरत पर दिया जोर। कहा–हर शिक्षक और छात्र को इस दिशा में करना चाहिए काम।
- लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आज से शुरू हो रहा है रोजगार महाकुंभ। देश विदेश की सौ से अधिक कम्पनियां ले रही हैं हिस्सा।

**********

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला को सम्मानित किया। सम्मान समारोह प्रदेश के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग ने शुभांशु के अंतरिक्ष मिशन एक्सियम–फोर को सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद उनके गृहनगर पहुंचने पर आयोजित किया था। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि शुभांशु की ऐतिहासिक उपलब्धि के सम्मान में उनके नाम पर एक छात्रवृत्ति शुरू की जाएगी।

***उत्तर प्रदेश के पहले ऐसे स्पेस मिशन के साथ जुड़ने वाले पहले यात्री बने हैं तो हम लोग एक स्कॉलरशिप से ग्रुप कैप्टन सुधांशु शुक्ला के लिए ही जारी करेंगे जो उन छात्रों के लिए हम जारी करेंगे जो छात्र स्पेस टेक्नोलॉजी में अपना उच्च अध्ययन अर्जित करना चाहते हैं।***

मुख्यमंत्री ने कहा कि अंतरिक्ष विज्ञान केवल अंतरिक्ष अन्वेषण तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह जीवन को सुगम बनाने और प्राकृतिक चुनौतियों तथा आपदाओं से निपटने में भी सहायक हो सकता है।

***साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग, मैथमेटिक्स के फील्ड में जो हमारा युवा अपना कैरियर बनाना चाहता है उन युवाओं के लिए इस फील्ड में क्या अवसर है, स्पेस टेक्नोलॉजी कैसे विकास के नए द्वार खोल सकती है, कैसे आपदाओं को नियंत्रित करने में हमें सफलता प्राप्त हो सकती है और इसलिए यह नागरिक अभिनंदन उस दिशा में आगे बढ़ने का एक अवसर है।***

इस अवसर पर, ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने कहा कि आने वाले समय में लोग नासा की नहीं, बल्कि इसरो की बात करेंगे। उन्होंने कहा कि उनके अंतरिक्ष मिशन के बाद हुए परिवर्तन देश की अंतरिक्ष यात्रा को आगे बढ़ाने में बहुत सहायक होंगे।

***अगला ट्रांसफार्मेशन सेक्टर जो मुझे दिखता है वो स्पेस का क्षेत्र दिखता है और मुझे लगता है कि बाकी सारे सेक्टर चाहे वह एजुकेशन हो या इंडस्ट्री हो या फिर डिप्लोमेसी कहूंगा मैं किसी भी तरीके से आप स्पेस के क्षेत्र को किसी भी विभाग में यूस कर सकते हैं और एक ओवरऑल नेशन बिल्डिंग के टूल की तरह हम इसका इस्तेमाल कर सकते हैं।***

मुख्यमंत्री ने लखनऊ के लोकभवन सभागार में आयोजित सम्मान समारोह में शुभांशु शुक्ला के साथ–साथ उनके माता–पिता का भी अभिनन्दन किया। इस कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, इसरो के अध्यक्ष बी. नारायण तथा प्रदेश सरकार के कई मंत्री और अधिकारीगण मौजूद रहे। सम्मान समारोह से पहले मुख्यमंत्री ने शुभांशु और उनके परिवार से मुलाकात भी की।

वहीं, शुभांशु शुक्ला का कल सुबह लखनऊ पहुंचने पर चौधरी चरण सिंह हवाई अड्डे पर उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और लखनऊ नगर निगम की महापौर सुषमा खर्कवाल ने स्वागत किया।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि शुभांशु ने अपने शहर और देश को गौरवान्वित किया है। इसके बाद शुभांशु शुक्ला ने अपने स्कूल द्वारा आयोजित विजय परेड में भागीदारी की। विजय परेड के दौरान स्कूल के विद्यार्थियों और स्थानीय लोगों ने उन पर पुष्प वर्षा की और तिरंगा लहराया। शुभांशु के सम्मान में उनके स्कूल में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें उन्होंने स्कूल के विद्यार्थियों को एक अंतरिक्ष यात्री के रूप में अपना कैरियर बनाने के लिए प्रोत्साहित किया। मीडिया से बातचीत करते हुए ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने कहा कि अंतरिक्ष से भारत बहुत सुंदर दिखता है। भारत के अंतरिक्ष मिशन के बारे में उन्होंने बताया कि हमारी तैयारी पूरी है, अंतरिक्ष में भारत का भविष्य स्वर्णिम है।

***हमारे आलरेडी प्लान्स बन चुके हैं। हमें उन्हें एक्जीक्यूट करना है। तो ये जो मोमेंटम बना है अभी इसको उसे करके हमें आगे जाना है और हमें वो सारे मिशन्स एक्जीक्यूट करने हैं जिनका हमने अपनी पॉलिसी में इस समय मेंशन किया हुआ है। तो मुझे लगता है कि बहुत गोल्डन पीरियड है और आगे आने वाले सालों में आप कई सारे सक्सेसफुल मिशन देखेंगे जब भारत की जल्दी से भारत के लॉन्च वेहिकल पे कैप्सूल पे कोई भारतीय ऊपर स्पेस जाएगा।***

इस अवसर पर भारतीय डाक विभाग ने शुभांशु शुक्ला के सम्मान में विशेष पोस्टल आवरण भी जारी किया।

**********

प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने कहा है कि हमें अपने समाज में पंद्रह से बीस साल बाद की आवश्यकताओं पर अध्ययन करने की आवश्यकता है। इस दिशा में हर शिक्षक और छात्र को कार्य करना चाहिए। यह बातें उन्होंने कल गोरखपुर के पंडित

दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के चौवालीसवें दीक्षांत समारोह को सम्बोधित करते हुए कहीं। इस अवसर पर राज्यपाल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र–छात्राओं को मेडल व उपाधि तथा प्रमाण पत्र प्रदान किया। उन्होंने विश्वविद्यालय के विभिन्न शिक्षकों द्वारा लिखित पुस्तकों का विमोचन किया। साथ ही गोरखपुर और देवरिया जिलों के विभिन्न आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को किट भी प्रदान किया।

अपने सम्बोधन में राज्यपाल ने प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों को शोध एवं अन्य प्रोजेक्ट के लिए मिलने वाले फंड के गुणवत्तापूर्ण उपयोग पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों द्वारा फंड से किये गये कार्यो एवं शोध प्रोजेक्ट की समीक्षा भी की जाती है। हमें अपने शोध को बढ़ाना चाहिए और जो शोध या नवाचार हुआ है उसे उत्तरदायी एजेंसी को सौपना चाहिए ताकि उसका सदुपयोग हो सके।

प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय और उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने भी समारोह को सम्बोधित किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर पूनम टंडन सहित गोरखपुर मंडल के कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

हमारे गोरखपुर प्रतिनिधि ने बताया कि राज्यपाल आज गोरखपुर की छब्बीसवीं बटालियन पीएसी में पुलिस ट्रेनिंग सेंटर का भ्रमण करेंगी। इसके बाद वह मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय गोरखपुर के दीक्षांत समारोह में भी सम्मिलित होंगी।

**********

लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आज से 28 अगस्त तक तीन दिवसीय रोजगार महाकुंभ का आयोजन किया जा रहा है। इसमें देश–विदेश की सौ से अधिक नामी कंपनिया हिस्सा लेंगी। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

***रोजगार महाकुंभ में कंपनियां ऑन.स्पॉट इंटरव्यू और प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित करेंगी, जिसमें 50 हजार से अधिक युवाओं को नौकरी का अवसर दिया जाएगा। रोजगार महाकुंभ से प्रदेश के इंजीनियरिंग और तकनीकी पृश्ठभूमि के युवाओं को बड़ा लाभ मिलेगा, वहीं एग्जिबिशन पवेलियन के माध्यम से युवाओं को प्रदेश की प्रगति नई औद्योगिक नीतियों और कौशल विकास मॉडल की झलक भी देखने को मिलेगी। इस तीन दिवसीय रोजगार महाकुंभ में जहां वित्तीय और बैंकिंग सेवाओं से जुड़ी कंपनियां शामिल होंगी वहीं मैन्युफैक्चरिंग और ऑटोमोबाइल सेक्टर से जुड़ी कंपनियां रोजगार की बड़ी संभावनाएं लेकर आएंगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दूरदर्शी नेतृत्व में यह आयोजन प्रदेश की अर्थव्यवस्था निवेश और औद्योगिक विकास को नई गति देने वाला साबित होगा। समाचार कक्ष से शैलेन्द्र शर्मा।***

**********

प्रदेश के कई जिलों में कल सुबह से ही रुक रुक कर बारिश का क्रम जारी है। लगातार हो रही बारिश से जनजीवन प्रभावित हुआ है और कुछ स्थानों पर दुखद घटनाएं भी हुई हैं। फतेहपुर जिले के बिंदकी तहसील के हरदौली गांव में लगातार हो रही बारिश के कारण कल सुबह एक कच्चा मकान ढहने से उसके मलबे में दबकर तीन लोगों की मौत हो गई। जौनपुर जिले में मछलीशहर पड़ाव के पास हुए जलजमाव के कारण एक खुले नाले में दो बच्चे और एक ई–रिक्शा चालक बह गए। ई–रिक्शा चालक की मौत हो गई, जबकि दोनों बच्चे लापता हैं। इस बीच, मौसम विभाग ने आज से लेकर लगातार तीन दिनों तक प्रदेश में कई स्थानों पर भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है।

बारिश और बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण बदायूं और फर्रुखाबाद में गंगा, जबकि बाराबंकी, बलिया में घाघरा और औरैया में यमुना नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। हमीरपुर जिले में भी यमुना और बेतवा नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ने लगा है।

इस बीच, विभिन्न जिलों में बाढ़ से राहत और बचाव कार्य जारी है। फर्रुखाबाद में वहां के सांसद मुकेश राजपूत ने कल मोटर बोट से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लिया। जिले में बाढ़ किट का वितरण भी किया गया।

**********